/2021

Chief Secretary's Office
Receipt No. 100552
29/9/21
Haryana

हरियाणा सिविल सचिवालय
चण्डीगढ़
27 SEP 2021
100552
परिचालन

No.A.12025/1/2016-E.III
भारत सरकार
Government of India
जल शक्ति मंत्रालय
Ministry of Jal Shakti
जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
Department of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation

Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg,
New Delhi, dated 9th September, 2021

To:

1. **The Secretaries of all Ministries/Department of Government of India as per list attached.**
2. **Chief Secretaries All State Governments/UT Administrations as per list attached.**
3. **All organisations under D/o WR, RD & GR as per list attached.**

**Subject:-Filling up of two posts of Section Officer in Farakka Barrage Project, a subordinate office under Department of Water Resources, River Development & Ganga Rejuvenation on deputation (including short term contract) basis.**

Sir,

I am directed to say that two posts of Section Officer, in the Level-7 (Rs.44900-142400) in the pay matrix is proposed to be filled up at the Farakka Barrage Project, a subordinate office under this Department, on deputation(including short term contract) basis, from amongst suitable and eligible officers working under the Central Government or State Government/Union Territories or Semi-Government or Public Sector Undertaking, or Statutory bodies, or Autonomous Bodies, or Recognised Universities, or Research Institutions. The eligibility conditions, qualifications and experience required for the post and other details are given in **Annexure-1.**

2. It is requested that applications (in quadruplicate) of suitable and eligible officers and who can be spared immediately in the event of selection, may be sent to **Shri A.K. Kaushik, Under Secretary (E-III), 6th Floor (Room No. 625), Department of Water Resources, River Development & Ganga Rejuvenation, Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110001**, within a period of **60 days** from the date of publication of this advertisement in the Employment News / RozgarSamachar.

3. Applications of only such officers/candidates will be considered as are routed through proper channel and are accompanied with (i) Bio-data (in quadruplicate) in the Proforma as given in **Annexure-2** (ii) Photocopies of ACRs/APARs for the last five years duly attested by an officer not below the rank of Under Secretary (iii) Vigilance clearance as given in **Annexure-3**(iv) Statement giving details of major or minor penalties imposed on the officer, if any, during the last ten years as given in **Annexure-4** and (v) Integrity Certificate as given in **Annexure-5** and (vi) Cadre Clearance. The Annexure-2 to 5 are available on this Department's website (http://mowr.gov.in/) and may be downloaded from the site.

4. Applications received after the closing date or without prescribed documents, or

Services-II Branch
Diary No 100552
Date 01/10/21

otherwise found incomplete, or not in the prescribed Proforma, are liable to be rejected. Officers in case of selection for the post will not be allowed to withdraw their candidature subsequently.

5. Before forwarding the applications, Competent Authority must certify that information furnished by the applicants are verified with their Service record and found correct and should also countersign the application with the office seal. It may also be confirmed that in the event of selection for appointment, the officer concerned will be relieved of her/his duties.

6. The detailed of advertisement including the terms and conditions is available on this Ministry's website (http://mowr.gov.in/).

7. This may be given wide circulation in the various units of your organization.

Yours faithfully,

Encl.: Annexure 1 to 5

Signed by Ashok Kumar Kaushik
Date: 09.09.2021 15:52:24
Reason: Approved

(A.K. Kaushik)
Under Secretary to the Government of India
Tele:23714350
E-Mail : use3-mow@nic.in

Annexure-1

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Post | : Section Officer, Farakka Barrage Project |
| 2. | Number of Posts | : 02 (two) |
| 3. | Classification | : General Central Service Group 'B' Gazetted, Ministerial |
| 4. | Pay Band/Grade Pay | : Level-7 (Rs.44900-142400) in the pay matrix. |
| 5. | Period of deputation | : The period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organization/ Department of Central Government shall be not exceeding three years. |
| 6. | Duties and responsibilities of the post | : Section Officer has to perform duties as directed by seniors. Draft laws, put up notes, prepares summaries, manage the relevant records. Reply to letters, communicate with the other departments, etc. Section Officer is the head of concerned section to supervise the Administrative, Accounts and confidential matters. |
| 7. | Pay & Allowances | : The officer selected will have the option to draw his grade pay plus deputation (duty) allowance or to have his pay fixed in the scale of pay of the deputation post in terms of Department of Personnel & Training O.M. No.6/8/2009-Estt.(Pay II), dated 17.06.2010 (as amended from time to time). |
| 8. | Qualifications, Experiences and Eligibility required for the post | : Officers of the Central Government or State Government/Union Territories or Semi-Government or Public Sector Undertaking or Statutory bodies or Autonomous Bodies or Recognised Universities or Research Institutions :<br>(a) (i) holding analogous post on regular basis; or<br>(ii) with five years service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in Level-6 (Rs.35400-112400) in the pay matrix or equivalent in the parent cadre/department; and<br>(b) Possessing the following educational qualification and experience :—<br>(i) Bachelor's Degree in any discipline from a recognised University.<br>(ii) 2 years experience in Establishment and Accounts matter.<br>Note 1 : The Departmental Officers in the feeder grade who are direct in line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation and Similarly, the deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion.<br>Any officer once selected shall not be allowed to withdraw or refuse to join; and it shall be the responsibility of the sponsoring authority to release the selected officers within one month of the issue of the appointment order. |
| 9. | Age | The maximum age limit for appointment by deputation (including Short Term Contract) shall not be exceeding 56 years as on the closing date of receipt of applications. |

**********

Annexure-2

## Bio Data Proforma

1. Name and address (in Block Letters) :

Telephone Number :

2. Date of Birth (in Christian era) :
3. Date of retirement under Central Government Rules:
4. Educational Qualifications:
5. Whether educational and other qualifications required for the posts are satisfied (if any qualification has been treated as equivalent to those prescribed in the rules, state the authority for the same)

| Qualifications / Experience Required | Qualifications / Experience possessed by the Officer |
|---|---|
| Essential | |
| Desirable | |

6. Please state clearly whether in the light of entries made by you above, you meet the requirements of the post.
7. Details of employment, in chronological order (enclose a separate sheet, duly authenticated by your signature, if the space below is insufficient)

| Office/ Institution/ organisation | Post held and service / cadre to which it belongs | From | To | Pay in the pay band and classification of post | Nature of duties |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

8. Nature of present employment, i.e.,
   i. Ad-hoc basis
   ii. Regular / on temporary basis
   iii. Pay in the Pay Band
   iv. Grade Pay drawn
9. In case the present employment is held on deputation / contract basis, please state:
   a. The date of initial appointment
   b. Period of appointment on deputation / contract
   c. Name of the parent office/organisation to which you belong
10. Additional details about present employment. Please state whether working under:
    a. Central Government
    b. State Government
    c. Autonomous organisation
    d. Government Undertaking
    e. Universities
11. Are you in the Revised Pay Structure? If yes, give the Date from which the revision took place and also Indicate the pre-revised scale

12. Total emoluments per month now drawn:

13. Additional information, if any, which you would like to mention in support of your suitability for the post. Enclose a separate sheet, if the space is insufficient.

14. Whether belonging to SC/ST

15. Remarks

Signature of the candidate

Date :

It is certified that information furnished by the applicant is verified with his / her service record and found correct.

Countersigned with office seal by the authorized signatory of the parent office

Signature of the Competent Authority

**Annexure-3**

## VIGILANCE CLEARANCE CERTIFICATE

Certified that no vigilance case or disciplinary proceedings or criminal proceedings is either pending or contemplated against Dr./Shri/Smt./Ms.................................................................................., who has applied for the post of ____________________________________ in the ____________________________________ on deputation basis.

(Authorised signatory)

Name & Office Seal :
Date:

**Annexure-4**

## NO PENALTY CERTIFICATE

Certified that no minor/major penalty has been imposed during the last ten years on Dr./Shri/Smt./Ms.................................................................................., who has applied for the post of ____________________________________ in the ____________________________________ on deputation basis.

(Authorised signatory)

Name & Office Seal :
Date:

**Annexure-5**

## INTEGRITY CERTIFICATE

After scrutinizing Annual Confidential Report of Dr./Shri/Smt./Ms.................................................................................., who has applied for the post of ____________________________________ in the ____________________________________ on deputation basis, it is certified that his/her integrity is beyond doubt.

(To be signed by an officer of the rank of Deputy Secretary or above)

Name & Office Seal :
Date:

File No.A.12025/1/2016-E-III

021

सं. ए 12025/1/2016-स्थापना-III

भारत सरकार

Government of India

जल शक्ति मंत्रालय

Ministry of Jal Shakti

जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

Department of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation

***

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग,

नई दिल्ली, दिनांक: 9th सितंबर, 2021

सेवा में

1. संलग्न सूची के अनुसार भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव।
2. संलग्न सूची के अनुसार सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के मुख्य सचिव।
3. संलग्न सूची के अनुसार जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के नियंत्रणाधीन सभी संगठन।

विषय: जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के नियंत्रणाधीन एक अधीनस्थ कार्यालय नामतः फरक्का बैराज परियोजना में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित) के आधार पर अनुभाग अधिकारी के दो पदों को भरे जाने के संबंध में।

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के नियंत्रणाधीन अधीनस्थ कार्यालय नामतः फरक्का बैराज परियोजना में वेतन मैट्रिक्स लेवल- 7 (44900-142400 रूपए) के वेतनमान में अनुभाग अधिकारी के दो पद केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र अथवा अर्धसरकारी अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा सांविधिक निकायों अथवा स्वायत्त निकायों अथवा मान्यताप्राप्त विश्व विद्यालयों अथवा शोध संस्थाओं में कार्य कर रहे उपयुक्त एवं पात्र अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित) के आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है। पद के लिए अपेक्षित पात्रता शर्तें, योग्यता और अनुभव तथा अन्य ब्यौरा **अनुलग्नक-1** में दिया गया है।

2. अनुरोध है कि उपयुक्त एवं पात्र अधिकारियों, जिन्हें चयन हो जाने पर तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता है, के आवेदन (चार प्रतियों) में **श्री ए०के० कौशिक, अवर सचिव (स्थापना-III), छठा तल (कमरा सं. 635), जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001** को इस विज्ञापन के इम्पलॉइमेंट न्यूज / रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से **60 दिनों** के भीतर भिजवाये जा सकते हैं।

3. केवल उन्हीं अधिकारियों/उम्मीदवारों के आवेदनों पर विचार किया जायेगा जो उचित माध्यम से भेजे जायेंगे और उनके साथ (i) **अनुलग्नक-2** में दिए गए प्रोफार्मा में जीवन-वृत्त (चार प्रतियां), (ii)

पिछले पांच वर्षों की एसीआर /एपीएआर की फोटो प्रतियां जो एक ऐसे अधिकारी द्वारा अधि-प्रमाणित हों जिसका स्तर अवर सचिव से कम न हो, (iii) **अनुलग्नक-3** में दिए गए अनुसार सतर्कता निकासी, (iv) **अनुलग्नक-4** में दिए गए अनुसार अधिकारी पर पिछले 10 वर्षों में लगायी गयी कोई बड़ी अथवा छोटी शास्ति, यदि कोई हो, का विवरण, (iv) **अनुलग्नक-5** में दिए गए अनुसार सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र और (vi) काडर क्लीयरेंस दस्तावेज संलग्न होंगे। अनुलग्नक-2 से 5 इस मंत्रालय की वेबसाइट (http://mowr.gov.in) पर उपलब्ध हैं और वहां से इन्हें डाउन लोड किया जा सकता है।

4. अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद अथवा निर्धारित दस्तावेजों के बिना अथवा अन्य किसी रूप में अपूर्ण पाये गए अथवा निर्धारित प्रोफार्मा में न होने की सूरत में प्राप्त आवेदनों को मंजूर नहीं किया जायेगा। पद के लिए चयन हो जाने पर अधिकारियों को अपनी उम्मीदवारी वापिस लेने की अनुमति नहीं होगी।

5. आवेदन अग्रेषित करने से पहले सक्षम अधिकारी इसकी पुष्टि अवश्य कर लें कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत सूचना उनके सेवा अभिलेख से सत्यापित कर ली गयी है और उसे ठीक पाया गया है तथा आवेदन पर सरकारी मोहर सहित प्रति हस्ताक्षर भी होने चाहिएं। यह भी पुष्टि कर ली जाए कि नियुक्ति के लिए चयन होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी को कार्यमुक्त कर दिया जायेगा।

6. निबंधनों और शर्तों सहित विज्ञापन का ब्यौरा इस मंत्रालय की वेबसाइट (http://mowr.gov.in) पर उपलब्ध है जिसे वहां देखा जा सकता है।

7. कृपया इसका अपने संगठन की विभिन्न इकाईयों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

भवदीय,

संलग्नक : अनुलग्नक 1 से 5

Signed by Ashok Kumar Kaushik
Date: 09-09-2021 15:53:54
Reason: Approved

(ए॰के॰ कौशिक)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं. 23714350
ई-मेल : use3-mow@nic.in

प्रतिलिपि: राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग। अनुरोध है कि संलग्न विज्ञापन को मंत्रालय / विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करें।

अनुलग्नक-I

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | अनुभाग अधिकारी, फरक्का बैराज परियोजना |
| 2 | पदों की संख्या | 02 (दो) |
| 3 | वर्गीकरण | सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह 'ख' राजपत्रित, अनुसचिवीय |
| 4 | वेतन बैंड | वेतन मैट्रिक्स में लेवल- 7 (44900-142400 रूपए) |
| 5 | प्रतिनियुक्तिं की अवधि | प्रतिनियुक्ति की अवधि, इस संगठन अथवा केन्द्र सरकार के किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से तुरंत पहले धारित अन्य काडर-बाह्य पद की प्रतिनियुक्ति अवधि सहित सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। |
| 6 | पद के कर्तव्य एवं दायित्व | अनुभाग अधिकारी को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्य का निष्पादन करना होगा। नियमों का मसौदा बनाना होगा, नोट प्रस्तुत करने होंगे, सार तैयार करना होगा, संबंधित रिकॉर्ड का प्रबंधन करना होगा। पत्रों का उत्तर देना, अन्य विभागों से पत्राचार करना आदि कार्य करने होंगे। अनुभाग अधिकारी संबंधित अनुभाग का प्रमुख होता है जो प्रशासनिक, लेखा एवं गोपनीय मामलों का पर्यवेक्षण करता है। |
| 7. | वेतन एवं भत्ते | चयन किए गए अधिकारी को, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्थापना (वेतन II) {समय-समय पर यथा-संशोधित} की शर्तों के अनुसार अपना ग्रेड वेतन और प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता आहरित करने अथवा प्रतिनियुक्ति पद के वेतनमान में अपना वेतन नियत कराने का विकल्प होगा। |
| 8. | पद के लिए आवश्यक अर्हताएं, अनुभव और पात्रता | केन्द्र अथवा राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र अथवा अर्द्ध सरकारी अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा सांविधिक निकाय अथवा स्वायत्त निकाय अथवा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों अथवा शोध संस्थाओं के ऐसे अधिकारी-<br>(क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश्य पद धारण किए हुए हैं;अथवा<br>(ii) मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियुक्ति के बाद वेतन मैट्रिक्स में लेवल- 6 (35400-112400 रूपए) अथवा समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर पांच वर्ष की सेवा दी हो;और<br>(ख) जिसके पास निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव हो:<br>(i)किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री।<br>(ii) स्थापना एवं लेखा मामलों में 2 वर्ष का अनुभव। |

| | |
|---|---|
| | **टिप्पणी 1 :** फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति के पात्र हैं उनपर प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति हेतु विचार नहीं किया जाएगा और इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति पर तैनात अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने हेतु पात्र नहीं होगा ।<br>किसी भी अधिकारी को चयनित होने के बाद आवेदन वापस लेने अथवा सेवाग्रहण करने से इंकार करने की अनुमति नहीं होगी; और यह प्रायोजित करने वाले प्राधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि वह चयनित अधिकारी को नियुक्ति आदेश जारी किए जाने के एक माह के अंदर कार्यमुक्त करे । |
| 9. आयु | प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की निर्धारित अंतिम तिथि तक 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी । |

अनुलग्नक-2

## जीवन-वृत्त प्रपत्र

1. नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में):
   टेलीफोन नंबर:
2. जन्म तिथि (ईस्वी सन में):
3. केन्द्र सरकार नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख:
4. शैक्षिक योग्यता:

5. क्या आप इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक तथा अन्य योग्यताएं रखते हैं। (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित किसी योग्यता के समतुल्य माना गया है तो इसके लिए प्राधिकरण का उल्लेख करें)

| अपेक्षित योग्यताएं/अनुभव | अधिकारी की योग्यताएं/ अनुभव |
|---|---|
| अनिवार्य | |
| वांछित | |

6. कृपया आप स्वयं द्वारा की गई प्रविष्टियों के संदर्भ में स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि क्या आप पद की अपेक्षा पूरी करते हैं

7. कालक्रमानुसार रोजगार के ब्यौरे (यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर द्वारा भली-भांति अधिप्रमाणित अलग से एक शीट संलग्न करें।):

| कार्यालय/संस्था /संगठन का नाम | धारित पद और सेवा / कैडर जिससे यह संबंधित है | से | तक | वेतन बैंड में वेतन और पद की श्रेणी | कार्य का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

8. वर्तमान नियुक्ति का स्वरूप अर्थात
   (i) तदर्थ आधार
   (ii) स्थाई /अस्थाई आधार पर
   (iii) वेतन बैंड में वेतन
   (iv) आहरित ग्रेड वेतन
9. वर्तमान पद प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर धारित होने के मामले में कृपया उल्लेख करें
   (क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख
   (ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि
   (ग) आपके मूल कार्यालय/संगठन का नाम
10. वर्तमान रोजगार के विषय में अतिरिक्त विवरण:
   कृपया बताएं कि आप किसके अंतर्गत कार्य कर रहे हैं-
   (क) केन्द्र सरकार

(ख) राज्य सरकार

(ग) स्वायत्त संगठन

(घ) सरकारी उपक्रम

(ङ) विश्वविद्यालय

11. क्या आप संशोधित वेतनमान ले रहे हैं ? यदि हां, तो संशोधन की तारीख बताएं तथा संशोधन पूर्व वेतनमान का भी उल्लेख करें

12. वर्तमान में आहरित कुल मासिक परिलब्धियां

13. अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसे आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लिखित करना चाहते हों । यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग से शीट संलग्न करें।

14. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं ।

15. अभ्युक्तियां

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक:

यह पुष्टि की जाती है कि आवेदक द्वारा दी गई सूचना उसके सेवा रिकार्ड से सत्यापित कर ली गई है और सही पायी गयी है।

मूल कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी के प्रति हस्ताक्षर और मोहर

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर

अनुलग्नक-3

**सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र**

पुष्टि की जाती है कि डा./श्री/श्रीमती/सुश्री.................................................जिन्होंने ------------------------- में प्रतिनियुक्ति के आधार पर ----------- के पद के लिए आवेदन किया है, के विरूद्ध न तो कोई सतर्कता निकासी अथवा अनुशासनिक कार्यवाही अथवा अपराधिक कार्रवाई लंबित है और न ही शुरू किए जाने का विचार है।

(प्राधिकृत अधिकारी)
नाम और कार्यालय की मोहर
दिनांक :

अनुलग्नक-4

**शास्ति प्रमाण-पत्र**

पुष्टि की जाती है कि डा./श्री/श्रीमती/सुश्री.................................................जिन्होंने ------------------------- में प्रतिनियुक्ति के आधार पर ----------- के पद के लिए आवेदन किया है,पर पिछले 10 वर्षों में कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगायी गयी है।

(प्राधिकृत अधिकारी)
नाम और कार्यालय की मोहर
दिनांक :

अनुलग्नक-5

**सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र**

डा./श्री/श्रीमती/सुश्री.................................................जिन्होंने --------------------में प्रतिनियुक्ति के आधार पर ---------------- के पद के लिए आवेदन किया है,की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट की जांच करने के बाद यह प्रमाणितकिया जाता है कि उनकी सत्यनिष्ठा में कोई संदेह नहीं है।

(उप सचिव अथवा उससे ऊपर के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किया जाना है)
नाम और कार्यालय की मोहर
दिनांक :